4. शब्द और वाक्य

एक-एक वर्ण जुड़कर शब्द बनता है तथा एक-एक शब्द का सही क्रम एक सार्थक वाक्य की रचना करता है। वर्णों, शब्दों और वाक्यों का सही मेल ही भाषा को पूर्णता देता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 19 पर दी गई शब्द एवं वाक्य से जुड़ी पंक्तियाँ पढ़ें और बच्चों का ध्यान पाठ की ओर लाएँ।
- ❖ पृष्ठ 19 पर दी गई चित्र गतिविधि दिखाकर बच्चों से चित्र का सही शब्द पहचानकर गतिविधि करने को कहें।
- ❖ पूछें, आपने कैसे जाना कि कौन-सा शब्द सही है और कौन-सा गलत?
- ❖ बच्चों के उत्तर सुनें। तदुपरांत उन्हें समझाएँ, वर्णों के सही मेल से ही एक शब्द बनता है जिसका एक निश्चित अर्थ होता है।
- ❖ मात्रायुक्त वर्णों को जोड़कर बच्चों से शब्द पढ़वाएँ। जैसे– मू + ली = मूली, को + य + ल = कोयल आदि।
- ❖ प्रत्येक बच्चे से इसी तरह कुछ और शब्द बुलवाएँ।
- ❖ पृष्ठ 20 पर दी गई गतिविधि करवाएँ और उन्हें वाक्य के बारे में समझाएँ।
- ❖ बताएँ, शब्दों के सही क्रम में जुड़ने से ही एक सही वाक्य बनता है।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर किसी वाक्य के शब्दों का क्रम उलट-पलट करके लिखिए और बच्चों से उन्हें सही क्रम में लगाकर पढ़वाएँ।
- ❖ 'आपने सीखा' के अंतर्गत दिए गए बिंदुओं द्वारा पाठ की दोहराई करवा लें।
- ❖ अभ्यास करवाने में यथासंभव सहयोग करें।